भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2474

दिनांक 10 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

.....

हिमाचल प्रदेश में जल संरक्षण और प्रबंधन

2474. डा. सिकंदर कुमारः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हिमाचल प्रदेश में मृदा अपरदन को रोकने और नदी तटों पर स्थित संवेदनशील पर्यावास के संरक्षण के लिए ब्यास, रावी तथा सतलुज नदी बेसिनों के संरचनात्मक चैनलीकरण (संरचनात्मक जल-मार्ग निर्माण) हेतु किसी वित्तीय पैकेज को मंजूरी प्रदान की है;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान अत्यधिक मूसलाधार वर्षा और मानसूनी बाढ़ की घटनाओं में क्षतिग्रस्त हुई पेयजल योजनाओं के पुनर्निर्माण तथा रेट्रो फिटिंग के लिए राज्य को प्रदान की गई विशिष्ट वित्तीय और तकनीकी सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण जल नेटवर्क में भारी धातुओं तथा जैविक संदूषणों की जांच करने के उद्देश्य से स्रोत स्तर पर इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित स्वचालित जल गुणवत्ता निगरानी के प्रभावी उपयोग के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)